तापमान

अधिकतम 41.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री


# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 6 अप्रैल 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



10 शत-प्रतिशत मतदान का संदेश देने रात्रिकालीन





10 रामोत्सव व शत-प्रतिशत मतदान के लिए सौंपी...





# NEET और JEE में चयन नहीं होने पर शत-प्रतिशत फीस वापसी की गारंटी

**प्राइम कैरियर में ड्रापर व समर कोर्स 8 अप्रैल से प्रारंभ**

**भिलाई।** ऐसे छात्र-छात्राएं जो अभी 12वीं की परीक्षा दिए है। उसके लिए 8 अप्रैल से ड्रापर बैच प्रारंभ हो रहा है। जो कि NEET व JEE के छात्र-छात्राओं के लिए है। ड्रापर बैच प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास लिया जाता है। प्रत्येक रविवार को परीक्षा नीट व जेईई परीक्षा पर आधारित टेस्ट ली जाती है। जिसका परिणाम प्रत्येक सोमवार को आता है। छात्र-छात्राओं को पढ़ाने वाले फैक्ल्टी आईआईटीयंस डॉक्टर्स छात्रों को शिक्षा देते है। पिछले वर्ष नीट परीक्षा में कुंवर सिंह 720 नंबर में 695 अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़




में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह अपूर्व 680, अंकित मंडावी 655, ओमप्रकाश 632, आकांक्षा यादव 617, श्वेता सिंह 612 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है। आईआईटी-जेईई की परीक्षाओं में समीर, लाडेकर आईआईटी मुंबई, शैलेंद्र साहू आईआईटी पटना, प्रफुल देवांगन आईआईटी B.H.U. में दाखिला हुआ। इसी तरह अनेक छात्र-छात्राओं ने देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज और आईआईटी व NIT कॉलेज में दाखिल हुआ। प्राइम कैरियर इस्टीट्यूट भिलाई शाखा में लगातार नीट व जेईई में टॉप टेन में परिणाम दे रहा है। जो देश में एक अलग पहचान बनाया है क्योंकि यहां डॉक्टर और आईआईटीयंस के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। यहां हॉस्टल की भी सुविधा है। वैसे छात्र जो अभी 10वीं की परीक्षा दिए है। उन छात्र-छात्राओं के लिए समर कोर्स 8 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। समर कोर्स में यहां 100 प्रतिशत कोर्स कम्पलिट कराया जाता है। समर कोर्स वाले बच्चों को स्टडी मटेरियल भी दिया जाता है। जो कि नीट व जेईई के छात्र के लिए बहुत उपयोगी है। यह समर कोर्स केवल तीन माह के लिए है। बच्चों के लिए आयोजित मोटिवेशन क्लासेस भी होता है। प्राइम कैरियर इस्टीट्यूट पूरे प्रदेश में एक मात्र संस्था है जहां स्टार बैच भी है। स्टार बैच में पढ़ने के बावजूद नीट व जेईई में चयन नहीं होता है तो 100 प्रतिशत फीस रिफंड किया जाता है वह भी लिखित दस्तावेज में, भिलाई में तीन शाखा है। पहला प्राइप कैरियर इस्टीट्यूट सेक्टर-10 ए मार्केट, दूसरा 178/179 न्यू सिविक सेंटर, तीसरा 262 जोनल मार्केट में संचालित है। जिसका मो. नं. 83195-71812 व 7880168887

Advt.


## खबर संक्षेप

### मारपीट के मामले में 5 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नयापारा के मुक्तिधाम दलदली रोड के पास मारपीट के मामले में 5 आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थी हरेंद्रलाल मिरी पिता भारत लाल मिरी ने पुलिस को बताया कि 4 अप्रैल को रात्रि लगभग 08.30 बजे मेरे घर एक महिला प्रेम संबंध होने के चलते मिलने आई थी। जिसे देख मोहल्ले के बोंदो मिरी पिता सुकालू मिरी, सुकालू मिरी पिता बाला राम मिरी, हरि मिरी पिता अशोक मिरी एवं नवीन पिता रामकृष्ण मिरी ने तुम मोहल्ले को बदनाम कर रहे हो कहते हुए गाली-गलौज करते हुए हाथमुक्का, डंडे से मारपीट किए। मारपीट की वजह से मेरे सिर पर चोट लगी है। पुलिस ने मामले में उक्त आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### गाली देने से मना किया तो हथियार लेकर दौड़ाया

**महासमुंद।** गाली देने से मना करने पर एक व्यक्ति द्वारा मुर्गी काटने का हथियार लेकर दौड़ाने का मामला सामने आया है। सिंघोड़ा पुलिस को प्रार्थी लखन पटेल पिता दयाराम पटेल निवासी ग्राम बोईरमाल ने बताया कि 4 अप्रैल को करीबन 01 बजे दोपहर को अपने घर के सामने खडा था, तभी मेरे गांव का कार्तिकराम सेठ अपने हाथ में मुर्गी काटने का लोहे का हथियार को रखकर लहराते हुए गालियां देते हुए अपने घर तरफ से जा रहा था, तब मैने कार्तिकराम को बोला तुम गाली क्यों दे रहे हो, तभी आरोपी कार्तिकराम ने गाली देने से मना करने वाले तुम कौन होते हो कहकर अपने हाथ में रखे मुर्गी काटने के लोहे के हथियार को हवा में लहराते हुए मुझे मारने के लिए दौड़ा। आरोपी ने मुझे बचाने आए मेरी बहू संतोषी बाई पटेल से भी गाली गलौज किया।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने ग्राम पड़कीपाली भालुचुवां से आरोपी बंशीलाल महिलांगे पिता कुशवा राम महिलांगे (40) मनबाय थाना के कब्जे से 28 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 5600 रुपए जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। इसी तरह रेलवे अंडरब्रिज के पास हरनादादर जाने का मार्ग ग्राम पतेरापाली में आरोपी केशव पिता शिव नागवंशी (24) बीकेबाहरा के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब जब्त किया है।

**चुनाव:** नामांकन प्रपत्र के साथ दिए गए संपत्ति और आय के ब्यौरा में दी जानकारी

# भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी करोड़पति रूपकुमारी के पास चारपहिया भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा-कांग्रेस के दोनों प्रत्याशी करोड़पति हैं कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू की पत्नी श्रीमती कमला बाई साहू पति ताम्रध्वज से भी अधिक कृषि भूमि की मालकिन हैं। वहीं उन पर बैंक ऋण भी ज्यादा है। जबकि, ताम्रध्वज साहू के नाम पर आवासीय प्लॉट, बैंक जमा रकम ज्यादा है और बैंक ऋण भी पत्नी के ऋण से कम है। वहीं, भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रूपकुमारी चौधरी के नाम पर पति ओमप्रकाश चौधरी से ज्यादा कृषि एवं गैर कृषि भूमि है और बैंक ऋण भी है।




प्रत्याशियों ने नामांकन प्रपत्र के साथ ही चल-अचल संपत्ति से लेकर कर्ज व अन्य ब्यौरा दिया गया है। भाजपा-कांग्रेस के दोनों प्रत्याशी करोड़पति हैं। घोषणा पत्र की मानें तो पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के पास जहां 14 लाख रुपए बाजार मूल्य की कृषि भूमि है और ऋण 32 लाख रुपए का है, तो उनकी पत्नी के नाम एक करोड़ पांच लाख रुपए की भूमि है। जबकि, ऋण एक करोड़ 21 लाख 433 रुपए है। उन्होंने शपथ पत्र में आय का स्रोत कृषि, विधायक पेंशन, बैंक से आय बताया है। उनके नाम पर बैंक में एक करोड़ तीन लाख 83 हजार रुपए विभिन्न स्कीमों के तहत जमा है। वहीं, भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रूपकुमारी चौधरी के पास कृषि एवं गैर कृषि भूमि दो करोड़ 69 लाख 16 हजार 158 रुपए और ऋण के रूप में 21 लाख 16 हजार 025 रुपए देय है। जबकि, नगदी, बैंक जमा और ज्वेलर्स मिलाकर 21 लाख 82 हजार 928 रुपए की चल संपत्ति है।

### भाजपा प्रत्याशी के पास चारपहिया वाहन नहीं

भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी के नाम पर एक भी चारपहिया वाहन नहीं है। उनके पति ओमप्रकाश के नाम पर एक ट्रैक्टर है। उनके हाथ में नगदी चार लाख 76 हजार 548 रुपए, पति के नाम पर 5 लाख 50 हजार 392 रुपए है। स्वयं के पार 16 लाख 50 हजार रुपए के ज्वेलरी है। पति के पास 8 लाख 20 हजार रुपए का सोना और दो करोड़ 32 लाख 26 हजार 302 रुपए बाजार मूल्य की कृषि, गैर कृषि भूमि है।

### छंटनी में छंट गया एक प्रत्याशी का नामांकन प्रपत्र

लोकसभा चुनाव में चार अप्रैल तक चली नामांकन प्रक्रिया के बाद शुक्रवार को फार्म की स्क्रूटनी की गई। कुल 6 फार्म रिजेक्ट किए गए। इसमें मानिक का एकमात्र फार्म रिजेक्ट हो गया है और वे चुनाव से बाहर हो चुके। जबकि, चंपालाल पटेल के तीन फार्म और संतोष बंजारे के दो फार्म रिजेक्ट किए गए। लेकिन, इन दोनों का एक-एक फार्म को स्वीकार किया गया है। इस तरह स्क्रूटनी के बाद कुल 18 प्रत्याशियों के नामांकन प्रपत्र सहीं पाए गए हैं।

# करोड़ों की लागत से निर्मित गोठान हो रहे हैं बेकार, खंडहर में तब्दील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिछली सरकार के कार्यकाल में 20 जुलाई 2020 को शुरूआत किए गए गोधन न्याय योजना के तहत जिलें मे करोड़ों की लागत से गौठानों का निर्माण विभिन्न गांवों में किया गया था। ये गोठान अब बदहाली की स्थिति में हैं। गोठानों में न तो मवेशियों के लिए चारे की व्यवस्था है न ही पानी की। पशु सड़कों पर नजर आते है। रात मेंये मवेशी दुर्घटना का कारण भी बन रहे हैं। जिले मे लगभग 457 गौठानों का निर्माण किया गया था जिसमें करोड़ों के बजट लगा। सरकार बदलने के बाद अब ये गोठान खंडहर मे तब्दील होते जा रहे हैं। इनमें लगाए गए शेड टूट फूट गए हैं।



### गोठान में न पशु, न चारा-पानी

गांव में बने गौठानो में मवेशियों के लिए न तो चारा की व्यवस्था है और न ही पानी। इसके चलते ये सड़कों पर घूमते दिखते हैं। इसके चलते मवेशियों की मौत तो सड़क दुर्घटना में हो रही है।

### गोठान से जुड़े स्वसहायता समूह बेरोजगार

इस योजना के तहत गोठानों में महिलाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से गोबर से कंपोस्ट खाद निर्माण किया जा रहा था, जो अब पूरी तरह से बंद हो गया है। महिला समूह बेरोजगारी की हालत में है, समूह की महिलाएं मजदूरी करने मजबूर हैं। उन्हें न तो नया आर्डर मिल रहा है और न ही पहले से बनाए गए खाद का कोई खरीददार।

# बोर्ड के सवालों में कुछ गलतियां परीक्षार्थियों को मिलेगा बोनस अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 10वीं के विज्ञान तो 12वीं के अंग्रेजी, रसायन और संस्कृत में त्रुटि आई सामने

इस साल हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल के परीक्षा में कुछ सवालों में त्रुटि हो गई थी। इसका खुलासा तब हुआ जब परीक्षा खत्म होने के बाद विषय- विशेषज्ञों द्वारा इसकी जांच की गई। इसके बाद जिन विषयों के सवालों में त्रुटि सामने आई है। उसके लिए बोनस अंक देने का फैसला लिया गया और जहां बोर्ड का मूल्यांकन सेंटर बनाए गए हैं, उनको किस सवाल पर कितना बोनस अंक देना है। उसके लिए निर्देश भेजी गई है।

इसमें कक्षा 10 वीं के विज्ञान और 12 वीं के अंग्रेजी, रसायन और संस्कृत में त्रुटि होने की बात कही जा रही है। ऐसे में 10 वीं विज्ञान के लिए 2 और 12 वीं के तीनों विषयों में एक-एक अंक बोनस दिया जाएगा। इससे परीक्षार्थियों को राहत मिलेगी।



### सभी छात्रों को मिलेगा बराबर अंक

जिन विषयों के प्रश्नों में त्रुटियां पाई गई है, उनमें सभी परीक्षार्थियों को सामान अंक मिलेगा। याने किसी तरह का नुकसान किसी भी छात्र को नहीं होगा। हालांकि जिस सेट के जिन सवालों में गलती है, उसी पर बोनस अंक मिलेगा। ऐसे में इसका लाभ उन सभी छात्रों को मिलेगा, जिनको संबंधित सेट मिला था।

### नौ हजार कापियां की जांच बाकी

अब तक जिले के सेंटर में 76 हजार के आसपास कॉपियों की जांच भी पूरी हो गई है। इसमें 10 वीं के कुल 50 हजार 815 कापियों में 47 हजार 095 कापियों की जांच पूरी हो गई है और 3720 कांपियां शेष है। इसी प्रकार 12 वीं के 35083 कांपियों में 29378 कांपियां की जांच पूरी और 5705 कांपियां बाकी है।

बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन बीते 23 मार्च से शुरु हो गई है।

जानकारी के मुताबिक 10 वीं के विज्ञान विषय के बी सेट में दो सवाल और सी सेट में एक सवाल के अंग्रेजी अनुवाद में गलत है। इसके लिए इन सवालों का जवाब देने वाले परीक्षार्थियों को दो-दो अंक बोनस दिया जाएगा। हालांकि इसमें वेल्यूअरों के लिए विशेष तौर हिदायत दी गई है। उसके आधार पर ही अंक दिया जाएगा। दूसरी ओर 12 वीं के रसायन के एक और सी सेट, अंग्रेजी के ए, बी और सी सेट, भूगोल के ए सेट में त्रुटि होने की बात कही जा रही है।






# 8 मामलों में 8490 रुपए की अवैध शराब जब्त, आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए एवं आदर्श आचार संहिता लगते ही थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अवैध शराब निर्माण, बिक्री एवं परिवहन करने वाले के उपर कार्रवाई करने हेतु अपने क्षेत्र में लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर मुखबिरों को सजग कर अवैध शराब निर्माण मादक पदार्थ परिवहन पर कार्रवाई लगातार की जा रही है।

थाना बागबाहरा में 04 प्रकरणों में 04 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 61 लीटर शराब कीमत 12200 रुपए जब्त, थाना पिथौरा में 01 प्रकरणों में 01 आरोपी को





गिरफ्तार कर कुल 03 लीटर शराब कीमत 600 रुपए जब्त, थाना बसना में 01 प्रकरणों में 01 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 1.98 लीटर शराब कीमत 880 रुपए जब्त, थाना सरायपाली में 01 प्रकरणों में 01 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 115 लीटर शराब कीमत 23000 रुपए जब्त, थाना सांकरा में 01 प्रकरणों में 01 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 2.25 लीटर शराब कीमत 1810 रुपए जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया जाकर वैधानिक कार्रवाई की गई है।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### प्रतिभा खोज परीक्षा में दो छात्रों का चयन



**सांकरा।** शासकीय माध्यमिक शाला नवागांव (सांकरा) के दो विद्यार्थियों कुलदीप पिता रुखमलाल एवं भाविका पिता गणराज को राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2023-24 में सफलता मिली है। प्रधानपाठक भगवान गौर ने बताया कि छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता अर्जित करते हुए शाला को गौरवान्वित किया है। इस परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को शासन द्वारा 4 वर्ष तक हर महीने 1000 रू. छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इस अवसर पर संस्था के दीपचंद साहू, राजेंद्र निषाद, प्रधानपाठिका कंचन साहू,कृष्ण कुमार साहू, संकुल समन्वयक सोनेंद्र ध्रुव एवं निकेश मरकाम, राजेंद्र नेताम सहित स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### नवकार महिला मंडल ने स्कूलों को भेंट किए स्टील के ड्रम

**धमतरी।** नवकार महिला मंडल ने शासकीय प्राथमिक शाला हटकेशर स्कूल में बच्चों के लिए तीन स्टील के ड्रम एवं गिलास भेंट किए। मंडल अध्यक्ष संतोष मिनी ने बच्चों को शुद्ध शाकाहार भोजन करने की प्रेरणा दी। बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर मंडल की सचिव कुसुम गोलछा, कंचन चोपड़ा समेत मंडल की सदस्य उपस्थित थी।

### राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता 24 से वाराणसी में

**धमतरी।** फेडरेशन कप सीनियर फ्री स्टाइल एवं ग्रीकोरोमण, महिला राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता उत्तरप्रदेश कुश्ती संघ द्वारा वाराणसी उप्र में 24 से 26 अप्रैल तक आयोजित है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ द्वारा चयन प्रतियोगिता 7 अप्रैल को बीएसपी अखाड़ा सेक्टर 3 भिलाई दुर्ग में आयोजित की गई है। छग कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष लक्ष्मण साहू पहलवान, जिला सचिव विजय यादव एवं सदस्य होरीलाल साहू ने बताया कि चयन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 7 अप्रैल को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक वजन, 2 बजे से कुश्ती प्रतियोगिता प्रारंभ होगी। यह तीन श्रेणी में होगी। पुरूष वजन समूह फ्री स्टाइल 37, 61, 65, 70, 74, 79, 86, 92, 97, 125 किलोग्राम, पुरूष वजन ग्रीकोरोमन स्टाइल 55, 60, 63, 67, 72, 77, 82, 87, 97, 130 किलो ग्राम रहेगा। इसी प्रकार महिला वजन समूह फ्री स्टाइल में 50, 53, 55, 57, 59, 62, 65, 68, 72, 76 किलोग्राम है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आधार कार्ड, परिचय पत्र, वोटर कार्ड, लाइसेंस या पासपोर्ट, छग का निवासी प्रमाणपत्र की मूल प्रति, मार्कशीट की फोटोकापी अनिवार्य है। उम्र 20 या 20 से अधिक होनी चाहिए। 20 से कम होने पर मेडिकल या माता-पिता की सहमति अनिवार्य है। जन्म प्रमाण पत्र की फोटोकापी जरूरी है। चयनित प्रतिभागियों को उनके पते पर सूचना दी जाएगी। प्रतियागिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 200 रखा गया है। अधिक जानकारी के लिए संघ के लक्ष्मण साहू पहलवान, विजय यादव व सदस्य होरीलाल साहू से संपर्क कर सकते हैं।

---

सेंटमेरी स्कूल, मेनोनाईट स्कूल को बनाया गया डाक मतपत्र सुविधा केंद्र

# कलेक्टर ने सुविधा केंद्र में लगाई अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात अधिकारी, कर्मचारी, सुरक्षा बल, अनिवार्य सेवाओं के मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से 15 एवं 16 अप्रैल को सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल एवं मेनोनाइट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी में डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र बनाया गया है। इसी तरह 19, 20, 21 अप्रैल को विधानसभावार क्रमशः अनुविभाग नगरी, तहसील कार्यालय कुरूद एवं तहसील कार्यालय धमतरी में तथा 23, 24, 25 अप्रैल को तहसील कार्यालय धमतरी (पी-3 से पी-1 तक) डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन



अधिकारी नम्रता गांधी ने विधानसभावार मतदान दल का गठन किया है। सेंटमेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी में 15 एवं 16 अप्रैल को स्कूल विधानसभा क्षेत्र सिहावा के दल क्रमांक 1 में प्रतिमा साहू, ललित भण्डे, विनय लोधी, अरूणा मिश्रा, टिंकी साहू, जयश्री साहू, कुलदीप वासनिक और फगेश्वर सोनकर की ड्यूटी लगाई गई है। दल क्रमांक 2 में किरणलता साहू, सेवाराम यादव, प्रमोद नेताम, संतोष सोरी, नीता वर्मा, तारकेश्वरी साव, अमन जाचक और अनिल सेन की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा कुरूद के दल क्रमांक 3 में अनीता वैद्य, राकेश रामटेके, एकांत मेश्राम, नीता वर्मा, आशा वर्मा, मोनिका साहू, रजत शिंदे, तिलकराम साहू, दल क्रमांक 4 में ललिता वाहिले, लखन पटेल, ताम्रध्वज गौतम, श्रद्धा गौतम, नंदा सिंह, खिलेश्वरी सोनवानी, विजेता रक्टाटे और कैलाश साहू की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा धमतरी के दल क्रमांक 5 में रंजना साहू, हीराराम ध्रुव, लुकेश्वर नेताम, मनीषा बोरघरिया, करूणा साव, नेहा यादव, सरोज गुरूपंचायन, प्रवीण वैद्य, मेनोनाईट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी में विधानसभा धमतरी के दल क्रमांक 6 में वर्षा अग्रवाल, बालगोविंद गंगबेर, राजकुमार सोनबेर, बालकृष्ण वर्मा, सरिता कुशवाहा, झामिन बिंझेकर, मीनाक्षी देवांगन, पुष्पेन्द्र सिन्हा की ड्यूटी लगाई गई है।

अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय नगरी में 19, 20, 21 अप्रैल को विधानसभा क्षेत्र सिहावा के दल क्रमांक 1 में सुमन गुप्ता, ललित भाण्डे, विनय लोधी, सेवाराम यादव, प्रमोदकुमार नेताम, संतोष सोरी, कैलाश साहू, तहसील कार्यालय कुरूद में विधानसभा कुरूद के दल क्रमांक 2 में आशा पाण्डेय, राकेश रामटेके, एकंता मेश्राम, लखन पटेल, ताम्रध्वज गौतम, मोनिका साहू, तिलकराम साहू, तहसील कार्यालय धमतरी में विधानसभा धमतरी के दल क्रमांक 3 में ललिता वाहिले, हीराराम ध्रुव, बालगोविंद गंगबेर, राजकुमार सोनबेर, लुकेश्वर नेताम, बालकृष्ण वर्मा, प्रवीण वैद्य की ड्यूटी लगाई गई है।

तहसील कार्यालय धमतरी में 23, 24, 25 अप्रैल को विधानसभा सिहावा के दल क्रमांक 1 में श्रीमती प्रतिमा साहू, ललित भाण्डे, विनय लोधी, सेवाराम यादव, प्रमोद कुमार नेताम, संतोष सोरी, कैलाश साहू, विधानसभा क्षेत्र कुरूद दल क्रमांक 2 में श्रीमती वर्षा अग्रवाल, राकेश रामटेके, एकांत मेश्राम, लखन पटेल, ताम्रध्वज गौतम, मोनिका साहू, तिलकराम साहू तथा विधानसभा धमतरी दल क्रमांक 3 में श्रीमती रंजना साहू, हीराराम ध्रुव, बालगोविंद गंगबेर, राजकुमार सोनबेर, लुकेश्वर नेताम, बालकृष्ण वर्मा और प्रवीण वैद्य की ड्यूटी लगाई गई है।

---

# निस्तारी के लिए रूद्री बरॉज से छूटा पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

निस्तारी के लिए रूद्री बरॉज से पानी छोड़ना शुरू कर दिया गया है। बुधवार से पानी छोड़ा गया है। पानी की मात्रा धीरे-धीरे बढ़ाई जाएगी। गंगरेल बांध के इस पानी से तालाब भरे जाएंगे।

गर्मी शुरू होते ही भू-जलस्तर सवा मीटर चला गया है। कई हैंडपंप, मोटर पंप बंद हो गए हैं। पानी की समस्या को देखते हुए निस्तारी के लिए रूद्री बरॉज के गेट खोल दिए गए हैं। बुधवार को महानदी मुख्य नहर में करीब 3 हजार क्यूसेक पानी के साथ निस्तारी के लिए जावक शुरू की गई। इस पानी से जिले में 225 गांवों के 350 तालाबों को भरा जाएगा। नहर में जलस्तर जैसे-जैसे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे जल संसाधन विभाग के मैदानी अमले गांवों के तालाबों को भरने के लिए वितरक शाखाओं के गेट खोल रहे हैं।

जानकारी के अनुसार इस निस्तारी पानी से धमतरी जिला समेत बालोद, रायपुर, बलौदाबाजार, भाटापारा जिले के लोगों को राहत मिलेगी। अकेले धमतरी जिले में 225 गांवों में निस्तारी पानी दिया जाएगा। यहां कुल 350 तालाबों को भरने का लक्ष्य रखा गया है। जल संसाधन विभाग ने अगले 20 दिनों तक निस्तारी पानी देने का निर्णय लिया है।

---

# मनरेगा श्रमिकों को मतदान के लिए किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा के प्राचार्य चैतराम साहू, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार साहू के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन के तहत एनएसएस स्वयंसेवकों ने ग्राम कोसमर्रा में रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। फूलवारी तालाब में 75 मनरेगा श्रमिकों को शपथ दिलाकर शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

श्रमिकों को जागरूक करने के दौरान कहा कि देश के प्रत्येक मतदाता की जिम्मेदारी है कि वह लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदार बने। मतदाता जितना जागरूक होगा, लोकतंत्र उतना ही संबल होगा। इस अवसर पर संतबाई, सुषमा सोनी, लोकेश्वरी, मनोज अवस्थी, स्वयंसेवक सौरभ, दीपक, रूपाली, लिपिका, साधना, लीना, तिलेश्वरी, योगेश्वरी एवं मनीषा उपस्थित थे।

---

# कांग्रेस का जनाधार खिसक रहा, लोकसभा चुनाव में भाजपा इतिहास रचेगी : रंजना



- भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी की नामांकन रैली में शामिल हुईं पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव, मंत्री टंकराम वर्मा, वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर के साथ पूर्व विधायक रंजना साहू भी उपस्थित रहीं। विदित हो कि श्रीमती रंजना साहू को पार्टी द्वारा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी का प्रस्तावक बनाया गया एवं इस चुनाव में उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं। सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती साहू ने कहा कि कांग्रेस कहीं भी मैदान में नहीं है। कांग्रेस को प्रत्याशी भी बाहर से लाने पड़ रहा है। हमारी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों को जीतने के लिए कृत संकल्पित है। कांग्रेस पार्टी का स्तर दिन ब दिन गिरते जा रहा है। ये वही लोग हैं जिन्होंने देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र को कलंकित किया था। आज जनता श्रीराम का भव्य मंदिर बनाने वालों के साथ खड़ी है। उनके विरोध करने वालों को बाहर का रास्ता दिखाएगी। महासमुंद लोकसभा की जनता रूपकुमारी चौधरी को ऐतिहासिक वोटों से जीतकर महासमुंद लोकसभा में इतिहास बनाने जा रही है।

---

# मां कर्मा के आशीर्वाद से समाज निरंतर आगे बढ़ रहा : मेवालाल



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी तहसील साहू समाज धमतरी द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। रुद्री स्थित आमंत्रण हेरिटेज साहू भवन में सुबह 10:30 बजे माता कर्मा के छायाचित्र की पूजा अर्चना, आरती के साथ प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर तहसील साहू समाज के अध्यक्ष गोपाल साहू ने मां कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाला। तहसील साहू समाज के संरक्षक मेवालाल साहू ने कहा कि माता कर्मा के आशीर्वाद से समाज निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। उपाध्यक्ष भुवनेश्वरी साहू ने मां कर्मा की भक्ति की कहानी सुनाई। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष हिरमेश्वरी साहू ने मां कर्मा भक्ति गीत गाया।

इस अवसर पर टीकाराम साहू, नंदझरूखा साहू, भारत साहू, धनुष साहू, रामआसरा साहू, कृष्णा साहू, मानिक साहू, पुरुषोत्तम साहू, रामधार साहू, हेमंत साहू, प्रेमप्रकाश साहू, तोरण साहू मीडिया प्रभारी माधवेन्द्र हिरवानी, रीता साहू, दीपेश्वरी साहू, निर्मला साहू सहित सामाजिकजन उपस्थित थे।

---

# महिला मोर्चा ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मांगा वोट



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी के लिए भाजपा महिला मोर्चा ने नगर के वार्डों में प्रचार और जनसंपर्क किया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कोषाध्यक्ष हेमलता ने नेतृत्व में जिला महिला मोर्चा की टीम ने धमतरी के रामपुर, गोकुलपुर, महिमासगर और दानीटोला वार्ड में जनसंपर्क किया और भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी के पक्ष में वोट मांगा। मौके पर महामंत्री मोनिका देवांगन, सरला जैन, बीथिका विश्वास, सुनीता पंजवानी, सुशीला तिवारी, श्याम साहू, सरिता यादव, प्राची सोनी, अनीता सोनकर, गीता शर्मा, ममता सिन्हा, संतोषी साहू, सीमा चौबे, संगीता जगताप, नीतू त्रिवेदी, ईश्वरी पटवा, रेखा साहू, लक्ष्मी यादव, रेणुका तीरवरकर, रमशीला साहू, उषा पाठक, खूबलाल ध्रुव, शिवदत्त उपाध्याय, ईश्वर सोनकर, कीर्तन मीनपाल, पिंकू साहू, कोमल सार्वा, सूरज शर्मा, शुभांक मिश्रा, अभिषेक शर्मा, ननकू महाराज, अजय गर्डिया उपस्थित थे।

---

# एलएलबी के छात्रों ने दी सिर्री के ग्रामीणों को कानून की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिर्री में शासकीय जे. योगानंदम छग महाविद्यालय रायपुर के एलएलबी के छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को कानून संबंधी जानकारी दी। ग्रामीणों को सरल के साथ ही पेचीदा मुद्दों पर कार्यवाही हेतु अनेक सुझाव दिए गए। इसके अलावा देश के कानून एवं धाराओं से जुड़ी हुई भ्रांतियों को भी लीगल एड के तहत दूर किया गया।

कानून की सही जानकारी लेने के साथ ही ग्रामीण विभिन्न कानूनी संबंधी दिक्कतों के सुझाव भी लिए। उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए छात्र-छात्राओं ने उचित कार्यवाही के लिए सही मार्ग प्रशस्त किया। कार्यक्रम में एलएलबी द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राएं मनीष देवांगन, हर्षचंद्र शर्मा, देवेंद्र घृतलहरे, प्रीति पटेल, रितिका कमाविसदार, इशिका सिंह, कोमल वैष्णव, कविता ध्रुव उपस्थित थे।

---

# हिंदू संस्कार, संस्कृति के संरक्षण पर जोर

- विहिप के प्रांत संगठन मंत्री के नगर आगमन पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ प्रांत के नए संगठन मंत्री नंददास दंडोतिया पहली बार प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडेय के साथ धमतरी पहुंचे। जिला मंत्री रामचंद देवांगन, जिला सहसंयोजक डाकेश्वर साहू और अन्य पदाधिकारियों ने फूलमाला और भगवा गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद महाराणा प्रताप गार्डन विवेकानंद नगर में बैठक आयोजित की गई। प्रांत संगठन मंत्री नंददास दंडोतिया और प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडेय को जिला मंत्री रामचंद ने जिले में अभी तक की गई गतिविधियों और हिंदुत्व के कार्यों की जानकारी दी। जिलाकार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर ने ग्राम पोटियाडीह में यादव परिवार की घर वापसी की जानकारी दी। इन दोनों



नेताओं ने संगठन को मजबूत कर हिन्दू समाज को आगे बढ़ाने और हिन्दू संस्कार, संस्कृति को संरक्षित करने तथा धर्म, राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के खिलाफ सुनियोजित तरीके से संघर्ष करने पर मार्गदर्शन दिए।

जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने संगठन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। सभी प्रखण्ड से आये हुए पदाधिकारियों की उपस्थिति में धमतरी प्रखंड के नए अध्यक्ष गौरव जैन की घोषणा की गई। मोंटी पाहूजा को सहप्रचार प्रमुख और विजय राजवानी को सहसम्पर्क प्रमुख शहर बनाया गया।

बैठक में जिला सह संयोजक प्रिन्स जैन, नगर कार्याध्यक्ष पीयूष पारख, नगर संयोजक चित्रेश साहू, नगर अध्यक्ष कैलाश बख्तानी, प्रखण्ड मंत्री दिलीप साहू, दीपक साहू रवि कुमार, जिला सेवा प्रमुख मुरलीधर जगत, समरसता प्रमुख तामेश्वर ठाकुर, प्रखण्ड अध्यक्ष सनत साहू, खण्ड अध्यक्ष नेमचंद साहू, घनानंद निषाद, एकनाथ साहू, पुलकित साहू, तोषण साहू समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

### चिटौद में कबड्डी प्रतियोगिता 6 को

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चिटौद में सुनता संगठन समिति एवं शौर्य एकेडमी के तत्वावधान में कबड्डी प्रतियोगिता 6 अप्रैल शनिवार को गांधी चौक में रखी गई है। प्रवेश शुल्क 301 रूपये निर्धारित है। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रदीप रणसिंह के मुख्य आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता सरपंच कुमारी साहू करेंगी। विशेष अतिथि रमेशप्रसाद जोगी, मोतीराम सिन्हा, सुरेन्द्र तिवारी, रूपराम नागवंशी, पुरूषोत्म सिन्हा, सुकलाल ध्रुव, ईश्वरी सिन्हा, जितेन्द्र साहू, रामचरण फूटान, प्रकाश ठाकुर होंगे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10,001 रूपये, द्वितीय 7001 रूपये, तृतीय 5001, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रूपये दिया जायेगा। प्रतियागिता की तैयारी में समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश नेताम, उपाध्यक्ष हेमांशु यादव, सचिव दुष्यंत निषाद, सहसचिव योगेश साहू, कोषाध्यक्ष नागेश निषाद, हुलाष ध्रुव, खूबलाल साहू, नान्हू कोर्राम, रोशन यादव, देवेन्द्र साहू जुटे हैं।

---

# बगदेही में ग्रामीण साहू समाज ने निकाली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कुरूद ब्लाक अंतर्गत ग्राम बगदेही में साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की 1008वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस मौके पर बाजार चौक स्थित साहू समाज भवन में भक्त मां कर्मा और जगन्नाथ स्वामी की आरती की गई।

तत्पश्चात कलश यात्रा निकाली गई। स्वजातीयजनों ने बाजे-गाजे के साथ गांव की गलियों का भ्रमण किया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग शामिल हुए। इस जुलूस का घर-घर स्वागत किया गया। भक्त मां कर्मा और भगवान जगन्नाथ को भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने मां कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। रात्रि में गुरु कृपा बाल संस्कार मानस परिवार बेलमान जिला बालोद का कार्यक्रम हुआ।

---

प्रदेश अध्यक्ष कविता बाबर ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने महासमुंद, राजिम व कुरुद में ली बैठक

# मई में होगा मराठा समाज का प्रदेश स्तरीय महिला सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ मराठा समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा मई माह में धमतरी में आयोजित होने वाले प्रदेशस्तरीय महिला सम्मेलन के आयोजन के संदर्भ में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती कविता बाबर ने महासमुंद, राजिम व कुरुद में प्रदेशकार्यकारिणी के सदस्यों व ज़िला अध्यक्षों के संग बैठक कर सम्मेलन को लेकर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की रूपरेखा रणनीति तैयार की गई।

सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये जिसमे प्रत्येक ज़िले से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करना तथा हर जिले से दो महिलाओं का नाम मंगाया जायेगा जिन्होंने सामाजिक, राजनीतिक या शिक्षा, खेलकूद के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया हो ऐसे सदस्यों को सम्मेलन में सम्मानित किया जायेगा। बैठक में महासमुंद से जिला मराठा समाज अध्यक्ष राजेन्द्र राव घाड़गे, जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनीता पवार, संरक्षिका वंदना थिटे, जिला सचिव रामेश्वरी घाड़गे, पारुल पवार तथा राजिम से मीता महाड़िक सोनल महाड़िक, गंगोत्री पालकर, शोभा शिंदे, शैलजा शिंदे, शैल चौहान, नलिनी महाड़िक, अंजलि शिंदे, प्रीति मोरे तथा कुरुद से नलिनी कृदत्त, वनिता मगर तथा नीता रणसिंह अध्यक्ष जीजा माता महिला मंडल धमतरी, राजश्री रणसिंह महासचिव छग मराठा समाज मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### पतेरापाली में अखंड रामायण समारोह आज से

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय महासमुंद से 3 किमी दूर ग्राम पतेरापाली में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से अखंड एक दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 6 अप्रैल शनिवार को प्रातः 10 बजे होगा। समापन 7 अप्रैल रविवार को शाम 7 बजे होगा। उक्ताशय की जानकारी घनश्याम चंद्राकर व लोकेश चंद्राकर ने दी है।

### शहर में 5 स्थानों पर शीतल जलसेवा केंद्र शुरू



**रायपुर।** साधक परिवार रायपुर द्वारा राजधानी में 5 अलग-अलग स्थानों पर गर्मी के दिनों में लोगों की प्यास बुझाने शीतल जलसेवा केंद्र शुरू किए गए हैं। रेलवे स्टेशन, भाठागांव स्थित इंटरस्टेट बस टर्मिनल परिसर, अम्लेश्वर थाने के सामने और विधानसभा ओवरब्रिज के पास आम जनता को निशुल्क ठंडे पानी का वितरण किया जा रहा है। शीतल जलसेवा केंद्र के संबंध में शोभाराज मल ने बताया, गर्मी में लोगों को शीतल पानी पिलाना पुण्य का कार्य है। इसी भावना से साधक परिवार ने गर्मी की शुरुआत में ही रेलवे स्टेशन में अस्थाई जलसेवा केंद्र शुरू कर दिया। इसी तरह शहर के अन्य स्थानों पर जनसामान्य की सुविधा को ध्यान में रखकर 5 स्थानों पर शीतल जल केंद्र प्रारंभ किए हैं। साधक परिवार की ओर हनुमान मंदिर पंडरी में गुरु प्रसाद सेवा रथ में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसका लाभ आम जनता के साथ साथ गणमान्य नागरिक व पंडरी बाजार के व्यापारियों ने उठाया।

### रोजा-इफ्तार कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी



**रायपुर।** राजधानी के गॉस मेमोरियल ग्राउंड पर गुरुवार को बैजनाथपारा, छोटापारा व मुस्लिम समाज रायपुर की ओर से दावते रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के नामचीन लोगों के साथ राज्यसभा सांसद और मशहूर शायर इमरान प्रतापगढ़ी भी पहुंचे। उनके आगमन पर महापौर एजाज ढेबर ने कार्यकर्ताओं के साथ माना विमानतल पर जोर-शोर से स्वागत किया। विदित हो, गुरुवार को शाम 6 बजे गॉस मेमोरियल ग्राउंड पर आयोजित रोज़ा इफ्तार की दावत में राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा, रायपुर में उन्हें जो स्वागत मिला है, उससे वे प्रसन्न हैं। इस तरह के आयोजन पूरे प्रदेश में सामाजिक एकता और भाईचारा को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में शामिल महापौर ढेबर ने प्रदेशवासियों को रमजान के पाक महीने की बधाई देते हुए सामाजिक एकता को बढ़ावा देने की बात कही।

### इस्लामी तालीमत से अनजान, समाज में अशांति फैलाना उनका मकसद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कल हुई घटना की मुस्लिम समाज भर्त्सना करता है। सेवानिवृत्त उपपुलिस अधीक्षक शोएब अहमद खान ने कहा कि कोई भी मुस्लिम गैर मुस्लिम लड़कियों को भगाने, शादी करने जैसा काम न करे। उनके इस कृत्य से पूरे समाज की बदनामी होती है। उन्होंने आगे कहा कि हम इसके जिम्मेदार हैं, जो पैदाइशी ईमान वाली मुस्लिम लड़की की जगह गैर मुस्लिम लड़कियों से शादी करना पसंद करते हैं, ऐसी शादी या भगा ले जाने की वजह से समाज में तनाव और नफरत फैलती है। कोई हिंदू लड़की आपके इस्लाम की तबलीग और इस्लाम से मुहब्बत की वजह से नहीं आती, बल्कि दोनों अपनी नफ्सानी ख्वाहिशात के लिए ऐसा करते हैं। थोड़े दिन में फिर ये भ्रम टूटता है तो फिर तरह-तरह के आरोप लगाकर तमाशा खड़ा करते हैं। जब हिंदू लड़की लेकर भागते हैं तो मुस्लिम लड़के के पूरे घर के अलावा पूरी मिल्लत कटघरे में खड़ी होती है।

# हिट एंड रन मामले में घायलों को अब 50 हजार, मौत पर दो लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हिट एंड रन मामले में गंभीर रूप से घायलों के साथ मृतकों के परिजन को मिलने वाली मुआवाजा राशि में केंद्र सरकार ने बदलाव करते हुए राशि बढ़ा दी है। हिट एंड रन में गंभीर रूप से घायलों को पूर्व में 10 हजार रुपए मिलते थे, जिसे बढ़ाकर 50 हजार रुपए कर दिया गया है। इसी तरह से मृतक के परिजन को 25 हजार रुपए की जगह दो लाख रुपए मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही मुआवजा राशि देने के नियमों में बदलाव किया गया है। प्रभावित के अकाउंट में दो माह के भीतर मुआवजा राशि ट्रांसफर की जाएगी। गौरतलब है देश में हर वर्ष 60 हजार के करीब तथा राज्य में अप्रैल 2022 से 15 मार्च 2023 की स्थिति में दो हजार के करीब हिट एंड रन के मामले सामने आए थे। देश तथा राज्य में जितने हिट एंड रन के मामले सामने आते हैं, उनमें से महज पांच प्रतिशत लोग ही मुआवजा के लिए क्लेम करते हैं। इसकी वजह क्लेम हासिल करने लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। साथ ही क्लेम की राशि पाने सालों लग जाते हैं। इस वजह से प्रभावित मुआवजा राशि क्लेम करने से बचते थे।

### मुआवजा देने के नए नियम देश के साथ राज्य में लागू




- मुआवजा राशि देने के नियमों में सरलीकरण, प्रभावितों के अकाउंट में दो माह के भीतर आएगा पैसा
- गंभीर रूप से घायलों को 10 की जगह 50 हजार तथा मृतक के परिजन को 25 हजार की जगह दो लाख मुआवजा

#### मरहम का काम करेगा

हिट एंड रन मामले में मुआवाजा राशि में वृद्धि करने से यह प्रभावितों के लिए मरहम का काम करेगा। साथ ही मुआवजा राशि देने के नियमों में सरलीकरण करने से प्रभावित जो पूर्व में मुआवाजा राशि हासिल करने ध्यान नहीं देते थे, अब मुआवाजा राशि के लिए क्लेम करने सामने आएंगे।

**संजय शर्मा,** एआईजी ट्रैफिक

#### इनको मिलेगा क्लेम

हिट एंड रन मामले में वही प्रभावित मुआवजा राशि पाने क्लेम कर सकते हैं, जिनका एक्सीडेंट अज्ञात वाहन से हुआ होगा। चिन्हित वाहन से एक्सीडेंट होने पर वाहन मालिक को प्रभावित को मुआवजा राशि भुगतान करना होगा। हिट एंड रन मामले में प्रभावितों को मुआवजा देने के नए नियम देश के साथ राज्य में लागू हो गया है।

#### ऐसे करना होगा क्लेम

हिट एंड रन मामले में मुआवजा राशि भुगतान के लिए नियमों में सरलीकरण किया गया है। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल, मृतक के प्रभावित डिस्ट्रिक्ट कमेटी जिनका अध्यक्ष कलेक्टर है, उनके पास आवेदन करेंगे। कमेटी में पुलिस के साथ परिवहन विभाग के अफसर, जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव शामिल हैं। कमेटी आवेदन की 15 दिनों के भीतर जांच करेगी। जांच पूरी होने के बाद कमेटी रिपोर्ट बीमा काउंसिल के पास भेजेगी। बीमा काउंसिल की पड़ताल के बाद कमेटी प्रभावित को कॉल कर बुलाएंगे। इसके बाद जरूरी दस्तावेज लेने के बाद प्रभावित के अकाउंट में रकम ट्रांसफर की जाएगी।

**मनमनी:** महासमुंद-बलौदाबाजार सीमा पर जांच चौकी में मनमानी

# जांच चौकी में राहगीरों को धमका रहे अफसर, वसूली की भी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

स्थानीय प्रशासन द्वारा महासमुंद-बलौदाबाजार सीमा पर अस्थायी जांच चौकी बनाकर वहां नियुक्त की गई एसएसटी टीम द्वारा ग्रामीणों को धमका कर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। इस मामले की जानकारी स्थानीय एसडीएम को मौखिक दी गई। जबकि, थाना प्रभारी राजेंद्र राजपूत ने बताया कि अवैध वसूली की शिकायत नही मिली है, मिलते ही कार्यवाही की जाएगी।

महासमुंद जिले के सरहदी क्षेत्र पिथौरा से लगे किशनपुर चौक के समीप एसएसटी टीम में शामिल एक प्रधान आरक्षक से इस मार्ग पर प्रतिदिन चलने वाले ग्रामीण परेशान है। ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव आचार संहिता के चलते जिले की सीमाओं पर चेकिंग पाइए बनाया गया है। जहां पर एसएसटी टीम के हाथ वाहनों की चेकिंग की जाती है। परंतु, चेकिंग की आड़ में किशनपुर चेकिंग पॉइंट में अवैध वसूली का धंधा बेख़ौफ़ चल रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार एक काले रंग की वाहन में एक पुलिस अफसर दोपहर बाद पहुंचता है और फिल्मी स्टाइल में आने जाने वाली दोपहिया, चार पहिया सभी वाहनों को रोक कर वसूली अभियान अनवरत जारी है। उक्त अफसर का खौफ इतना है कि ग्रामीण खुलेआम शिकायत करने से भी डर रहे है।




#### शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई

दूसरी ओर स्थानीय थाना प्रभारी राजपूत ने इस प्रतिनिधि को बताया कि हमारे पास शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलते ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

#### पांच हजार रुपए देने की मांग

ऐसा ही एक वाकया विगत 2 अप्रैल 2024 को घटित हुआ। भयभीत ग्रामीण ने इस प्रतिनिधि को बताया कि रात्रि कोई 11:30 बजे वह अपने ग्राम बया से दोपहिया द्वारा पिथौरा जा रहा था, तभी किशनपुर चेकिंग पोस्ट में तैनात एक पुलिस कर्मी ने वाहन रोककर हेलमेट व पेपर, बीमा मांगा गया। फिर उसे भय दिखाकर पांच हजार की मांग की। नहीं देने पर दुपहिया वाहन जब्ती कर जेल भेजने की धमकी दी। जिस पर दोपहिया वाहन चालक द्वारा अपने एक करीबी मित्र से मदद मांगी, जिस पर चेकिंग पाइंट पर तैनात पुलिस वाले द्वारा एक हजार रुपए में सौदा किया। परंतु, दोपहिया मालिक के पास नगद राशि नही थी। लिहाजा, उक्त पुलिस वाले ने एक फ़ोन पे मोबाइल नंबर 9644560822 में डालने की बात कहीं। ग्रामीण ने भी बकायदा फोन पे पर 1000 ट्रांसफर कर दिए। कथित आरोपी दुपहिया मालिक और उक्त पुलिस कर्मी की मोबाइल पर हुई बात की रिकॉर्डिंग क्षेत्र के सभी सोशल मीडिया ग्रुप में वायरल हो रही है। जिससे पुलिस विभाग की छवि धूमिल भी हो रही है।

# प्रत्याशी के आगमन पर कांग्रेसियों ने किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस

- खल्लारी विधायक के निवास पहुंचकर की कांग्रेसजनों से मुलाकात



प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के गांवों में पहुंचे। बुधवार को खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के निवास से रंजीत कोसरिया, करण दीवान, आत्माराम यादव, अजय आनंद, मुकेश यादव, नरेंद्र सेन, अरविंदर सिंह छाबड़ा, काशी राम शर्मा, पवन रात्रे, लेख राम दीवान, नंदू राम राजपूत, फिरोज खान, देवनारायण तिवारी, दिनेश नामदेव, राजू सिन्हा, सागर निषाद, घनश्याम गांधी, टेकू साहू, पप्पू साह, तेज साहू, सुखलाल बारिया, गौतम साहू, लक्ष्मण उजाला, तरुण पांडे, पीलू सेन, आकाश मोहंती, तेज साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों के साथ गांवों में पहुंचे। इस दौरान खल्लारी विधायक यादव सहित जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, ब्रिजेन हीरा बंजारे, लेखराम दीवान, पिलेश्वर सेन, मोती जांगड़े सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र, एक गारंटी पत्र है: द्वारिकाधीश



**बागबाहरा।** संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव ने खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के वनांचल ग्राम खुसरूपाली में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा है कि कांग्रेस के राज में जनता से किए गए वादों की पूरा होने की 100% गारंटी है। विधायक यादव ने वनांचल क्षेत्र के ग्राम खुसरुपाली व आसपास के गांव से पहुंचे हुए ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए बताया कि कांग्रेस का घोषणा पत्र घोषणा पत्र नहीं गारंटी पत्र है। वनांचल ग्राम खुसरुपाली में आयोजित इस चुनावी सभा के दौरान बासिन निषाद, ईश्वर ध्रुव, सुखदेव ध्रुव, जगबंधु यादव, कमलेश महाराज, बाबूलाल पांडे, ईश्वर ध्रुव, रमेश ठाकुर, शाहिद बड़ी संख्या में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे हुए कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण तथा बड़ी संख्या में खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

बच्चों को लेकर दूसरे व्यक्ति के साथ हुई फरार

# सास की शिकायत पर बहू को भेजा नारी निकेतन

- महिला आयोग में हुई सुनवाई






हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- महिला को चाल चलन सुधारने दिए निर्देश

अपने दो बच्चों के साथ ससुराल से भाग कर अन्य किसी व्यक्ति के साथ जीवन यापन करने वाली महिला को सास की शिकायत पर दो माह के लिए नारी निकेतन भेजा गया है। इस प्रकरण की शिकायत छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में की गई थी, जिसकी सुनवाई करते हुए आयोग ने बच्चों को पिता को सौंपते हुए महिला को चाल-चलन सुधारने के लिए नारी निकेतन भेजने के निर्देश दिए हैं। महिला आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक, सदस्य बालो बघेल व अर्चना उपाध्याय ने गुरुवार को आयोग के रायपुर स्थित कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इनमें एक प्रकरण एक महिला ने अपनी बहू के खिलाफ शिकायत की थी। आवेदिका ने आरोप लगाया था कि उसकी बहू और बेटे के बीच बनती नहीं है, लेकिन दोनों का तलाक नहीं हुआ है। दोनों की दो संतान है एक 5 वर्ष की बेटी एवं 2 वर्ष का बेटा। मई 2023 में दोनों के बीच लिखित में सुलहनामा कराया गया था, लेकिन इसी दिन उसकी बहू दोनों बच्चों को लेकर घर से भाग गई। इसके बाद से पूरा परिवार उसे और बच्चों को तलाश कर रहा था। आवेदिका ने इस संबंध में आयोग में शिकायत की थी। इसके बाद साइबर सेल की मदद से बहू और उसके बच्चों को ढूंढ निकाला। बेटी ने आयोग को पूछताछ में बताया, उसकी मां दोनों को एक व्यक्ति के साथ लेकर भागी थी। इसके बाद दोनों बच्चे अपनी मां के साथ उस व्यक्ति के साथ रहते हैं।

#### दोनों बच्चों को उसके पिता को सौंपा

बेटी ने यह भी बताया कि वह और उसका भाई स्कूल नहीं जाते, क्योंकि उसकी मां ने दोनों को स्कूल में भर्ती ही नहीं कराया। आयोग ने बेटी के बयान को सुनने के बाद माना कि बच्चों की मां का चाल-चलन ठीक नहीं है। इसके कारण उसके बच्चों का भविष्य भी बर्बाद हो सकता है। आयोग ने अनावेदिका के गलत चाल-चलन को सुधारने के लिए उसे 2 माह के लिए नारी निकेतन भेजने के निर्देश दिए, वहीं दोनों बच्चों को उसके पिता को सौंपा गया, ताकि वह अपने बच्चों की शिक्षा-दीक्षा कर सके।

- स्मार्ट सिटी के 24 घंटे जल आपूर्ति प्रोजेक्ट का पूछा हाल
- जोनवाइज पेयजल आपूर्ति की समीक्षा

# पानी की समस्या दूर करने शहर में 4 जगहों पर बोरवेल खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के पांच अलग-अलग इलाकों में पानी की समस्या दूर करने नगर निगम जल्द बोरवेल खनन करवायेगा। निगम से अनुबंधित ठेकेदार से लभांडी के आदर्श संकल्प सोसाइटी फेज 2, संत रामदास वार्ड के रामनगर क्षेत्र, नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के खम्हारडीह इलाका और जोन 6 क्षेत्र के कुकरीपारा में बोरवेल खनन कराया जायेगा।

गर्मी के सीजन में पेयजल संकट प्रभावित इलाकों में लोगों की मांग वार्ड पार्षदों की अनुंशसा पर नगर निगम के जल विभाग की 4 जगहों पर बोरवेल खनन कराने की तैयारी है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा द्वारा गुरुवार को गांधी सदन के सभागार में 10 जोन के अधिकारियों की बैठक बुलाई। इसमें यह बात चर्चा के दौरान सामने आई। बैठक में प्रमुख रूप से गर्मी में पेयजल व्यवस्था की वर्तमान स्थिति, आपात स्थिति में जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में पानी टैंकर की वैकल्पिक व्यवस्था पर चर्चा हुई। पेयजल को लेकर जोनवार समीक्षा बैठक में संबंधित वार्डों में पानी की मांग और आपूर्ति की वर्तमान स्थिति पर मंत्रणा की गई। साथ ही जल विभाग द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में बोरवेल के पानी सैंपल जांच से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा भी की। सूत्रों के मुताबिक शहर के 4 इलाकों में नये बोरवेल खनन कराने संबंधी निर्देश दिये।जिन क्षेत्रों में बोरवेल खनन कराया जाना है, उनमें विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी क्षेत्र स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आदर्श संकल्प सोसाइटी फेज 2 में चिन्हांकित स्थल शामिल है। इसके अलावा जोन 7 के रामनगर क्षेत्र, कुकरीपारा, खम्हारडीह और सिमरन सिटी में जल्द बोरवेल खनन कराया जायेगा।

बैठक में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, अपर आयुक्त विनोद पांडे, सभी जोन के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता और जल कार्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### गांधी सदन में निगम आयुक्त ने ली जोन अधिकारियों की बैठक

#### 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति कब?

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने समीक्षा बैठक में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के 24 वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी से पूछा कि 15 वार्डों में 24 घंटे पानी कब तक मिल पायेगा? मोतीबाग और गंज पानी टंकी से कमांड एरिया में पाइप लाइन बिछाने और इंटर कनेक्शन कर वाटर मीटर लगाने संबंधी कार्य की जानकारी ली।



*पानी सैंपल की जांच पर चर्चा : नगर निगम के जल विभाग द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में सार्वजनिक बोरवेल और पावरपंप के पानी सैंपल की जांच के बाद की स्थिति की जानकारी उन्होंने संबंधित अधिकारी से ली। दूषित पेयजल स्त्रोत के ट्रीटमेंट और संबंधित एरिया में साफ पानी की वैकल्पिक व्यवस्था के संबंध में जोनवार जानकारी मांगी।*

#### नलों से पानी का प्रेशर कम की शिकायत

बैठक के दौरान अमृत मिशन के तहत बिछाये गये पाइप लाइन और इंटर कनेक्शन के बाद शहर के कुछ इलाकों में नलों से पानी का प्रेशर कम आने की शिकायत पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड के साथ पुरानी बस्ती और ब्राम्हणपारा की बस्तियों में निगम के नलों से लो प्रेशर के कारण पर्याप्त पानी नहीं मिलने की शिकायत मिली थी। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों से कहा कि जिन इलाकों में अमृत मिशन के तहत पाइप लाइन टेस्टिंग नहीं हो पाई है, वहां जल्द पाइप लाइन टेस्टिंग कर इंटर कनेक्शन का बकाया का काम पूरा किया जाये।

# हाईकोर्ट ने कहा-आवारा कुत्तों के काटने से मौत के मामलों में सरकार जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लेकर दूरदराज के इलाकों तक से आवारा कुत्तों के काटने से मौत की खबरें आती हैं। ऐसे कुछ मामलों में बिलासपुर हाईकोर्ट ने पीड़ित परिवार को साढ़े छह लाख से लेकर दस लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश भी दिया है। ऐसे ही एक मामले की सुनवाई की दौरान हाईकोर्ट ने अब राज्य सरकार की जिम्मेदारी भी तय कर दी है। अदालत के इस आदेश के पालन में छत्तीसगढ़ सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निगमों के आयुक्त, सभी नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के सीएमओ के लिए निर्देश जारी किया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अवर सचिव द्वारा जारी निर्देश में हाईकोर्ट के आदेश के पालन का निर्देश दिया गया है। नगरीय प्रशासन द्वारा जारी आदेश में बिलासपुर हाईकोर्ट द्वारा पारित निर्देश का हवाला दिया गया है। हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश के हेड नोट्स के बिंदु क्रमांक दो में कहा गया है- आवार कुत्तों के काटने के गंभीर परिणामों के संबंध में लोगों को शिक्षित एवं जागरूक करने के लिए एक व्यापक प्रसार अभियान चलाने तथा एंटी रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम के संचालन के लिए तत्काल ठोस कदम उठाए जाने के लिए राज्य बाध्य है।

#### छत्तीसगढ़ में हर माह सैकड़ों मामले

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में आवारा कुत्तों के हमलों के सैकड़ों मामले सामने आते हैं। पिछले साल अप्रैल की स्थिति में रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में पिछले छह महीने में हर दिन तीन की औसत से 500 से ज्यादा मामले पहुंचे हैं। वहीं निजी और सरकारी अस्पतालों के आंकड़े 1500 से ज्यादा हैं, लेकिन इसके बाद भी नगर निगम और स्थानीय प्रशासन इसे लेकर गंभीर नजर नहीं आता। जानकारों के मुताबिक पिछले कई सालों से शहर में कुत्तों की न तो गणना की गई है और न ही वास्तविक आंकड़े इकट्ठे हुए हैं। फिर भी अनुमान के मुताबिक उनकी संख्या 40 हजार से अधिक बताई जा रही है।

# संचालक सभी बसों में रखें डस्टबिन स्टैंड परिसर में न धोए बसें : सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



सफाई व्यवस्था की अपील को एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकालकर सफाई व्यवस्था को बिगाड़ने वाले तथा गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाने वालों की समस्या का हल नगर पालिका को ही निकलवाना पड़ा।

बस स्टैंड की स्वच्छता को लेकर गुरुवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने बस संचालकों बैठक बुलाई। स्टैंड में गंदगी का कारण बनने वाले कई विषयों पर अहम फैसले लेते हुए इसमें गंदगी फैलाने वाले बस संचालकों को चिन्हित कर कार्रवाई किया जाना है। सीएमओ रात्रे ने मुख्यालय से चलने वाले सभी बसों में डस्टबिन की व्यवस्था अनिवार्य करने के निर्देश दिए है। इसके साथही सभी बसें कतारबद्ध खड़ी करने, यात्रियों को ध्वनि विस्तारक यंत्र से बसों के रूट संबंधित जानकारी देते हुए गंदगी न फैलाने की अपील करने का जिम्मेदारी बस स्टैंड यूनियन को सौंपा है। रात्रे ने स्टैंड परिसर में बसों को पानी से धोना प्रतिबंधित किया गया। वाटर एटीएम का स्थान परिवर्तित कर चालू करने तथा बस स्टैंड में लाइट व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, नालियों के रखरखाव और जीर्णोद्धार का जिम्मेदारी नगर पालिका की तय की है।

बैठक में मिनी बस टैक्सी यूनियन के जिलाध्यक्ष राकेश चंद्राकर, धीरज सरफराज, नोहर साहू, दिलीप चंद्राकर, दिलीप कश्यप, सीताराम तेलक, नौशाद बक्श समेत अन्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### खरोरा में मनाई गई माता कर्मा की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भक्ति सेवा त्याग और समर्पण की प्रतिमा मां कर्मा देवी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मां कर्मा देवी की पूजा अर्चना की गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, जया चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि मां कर्मा देवी जगन्नाथपुरी में समुद्र के किनारे ही रहकर बहुत समय तक अपने आराध्य बालकृष्ण को खिचड़ी का भोग अपने हाथों से खिलाती रही और उनकी बाल लीलाओं का आनंद साक्षात मां यशोदा की तरह लेती रही।



### पांच घंटे की अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम ढोड़ में 4 अप्रैल को अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया। यह लीला पेशराम पटेल सहयोग से हुआ। कार्यक्रम में रंजीत चंद्राकर ने कहा कि नशामुक्त, मांसाहारमुक्त एवं चरित्रवान समाज निर्माण के लक्ष्य को लेकर पांच घंटे की अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया। जिसमें रंजित चंद्राकर, हीरा बाई चंद्राकर, तनु निर्मलकर, राधे निर्मलकर, परशुराम यादव, दिलीप सेन, आत्माराम, लीला पटेल, पेशराम पटेल, अनुसुईया, गोवर्धन, मोहरमति, सुकतिन, बिमला, तुकाराम, खुशबू, अंजली, तेजमती, अशोक, यशोदा, शिक्षक घनश्याम पटेल आदि मौजूद रहे।



### आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश सचिव बने खेमराज

**महासमुंद।** छग प्रदेश आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष जनक ध्रुव ने आदिवासी नेता खेमराज ध्रुव को प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ में आदिवासी कांग्रेस प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव बनाया है।

### आप कार्यकर्ता करेंगे एक दिवसीय उपवास

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा ईडी एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर पूरे योजनाबद्ध तरीके से विपक्षी पार्टी के नेताओं को जानबूझकर झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है। इसके विरोध में आम आदमी पार्टी द्वारा पूरे देश में 7 अप्रैल को 11 बजे एक दिवसीय उपवास कचहरी चौक में रखने जा रही हैं।

## पहल : मतदाता जागरुकता के तहत स्वीप क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ

# शत-प्रतिशत मतदान का संदेश देने रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने कई अभिनव पहल की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में जिले में पहली बार रात्रिकालीन स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता का स्थानीय मिनी स्टेडियम में की जा रही है। इसी क्रम में 4 अप्रैल गुरुवार को विकासखंड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ एस आलोक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी जिला स्वीप समिति ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन विकासखंड एवं जिला स्तर पर किया जा रहा है। जिनमें से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भी एक है। प्रारंभिक तौर पर यह प्रतियोगिता पांचों विकासखंड में संचालित हो रहा है। आगामी 12 अप्रैल को जिला स्तर पर विभिन्न विकासखंड से विजयी टीम भाग लेंगे। विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 12000 रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार 8000 रुपए रखा गया है।



### पहला मैच रोमांचक रहा

जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक ने बैटिंग कर स्वीप क्रिकेट का शुभारंभ किया। पहला मैच शाम 7 बजे स्काई किंग 11 वर्सेस बीटीआई 11 के मध्य खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए स्काई किंग ने 8 ओवर में 96 रन बनाएं। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीटीआई 11 की टीम शुरुआत से ही लड़खड़ा गई, बिहारी शर्मा ने दो ओवर में चार विकेट लेकर के मैच का रुख अपनी टीम की ओर मोड़ दिया। इस प्रकार यह मैच स्काइ किंग 11 ने जीता। दूसरा मैच सेजेस हिंदी वर्सेस जुड़वा 11 के मध्य खेला गया पहले बल्लेबाजी करते हुए सेजेस हिंदी ने 8 ओवर में 73 रन का स्कोर बनाया, जिसे जुड़वा 11 ने बिना किसी विकेट खोए आसानी से यह मैच को अपना नाम कर लिया।

शुभारंभ अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी स्वीप रेखराज शर्मा तथा जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने संबोधित किया और खिलाड़ियों का हौसलाआफजाई किया। इसके पूर्व सभी खिलाड़ियों का मतदाता बैच लगाकर स्वागत किया गया और उपस्थित समस्त खिलाड़ी एवं जनसमुदाय ने अनिवार्य मतदान की शपथ ली। इस अवसर पर जिला क्रीडा अधिकारी मनोज धृतलहरे, डीपीओ एवं सहायक नोडल अधिकारी स्वीप रेखराज शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी पोषण साहू, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा कमल नारायण चंद्राकर, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, नगर पालिका से दिलीप चंद्राकर, नवाब बख्श एवं विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी हिरेंद्र साहू, सेवन दास मानिकपुरी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# रामोत्सव व शत-प्रतिशत मतदान के लिए सौंपी गई जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल व जिला सह मंत्री बसंत देवता के नेतृत्व में सरस्वती शिशु मंदिर दशहरा मैदान में बैठक हुई। जिसमें की 9 अप्रैल को विश्व हिंदू परिषद, 17 अप्रैल को राम उत्सव व 23 अप्रैल को हनुमान उत्सव मनाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में प्रत्येक गांव में राम उत्सव व प्रत्येक बूथ में शत प्रतिशत मतदान राष्ट्रहित में हो इस विषय में विस्तार से चर्चा हुई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, विद्या भारती और समाज प्रमुखों ने राम उत्सव को धूमधाम से मनाने व सत प्रतिशत मतदान राष्ट्रीय हित में कराने के लिए सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिए। विद्याचरण पटेल ने खटखटी, गेर्रा भाटा, सरईपतेरा, गधाभाटा, बरगांव, कोलिहादेवरी, श्रवण पटेल ने भटोरी, पर्रापाट, जलकोट, हबेकांटा, पाठियापाली, बड़े टेमरी, छोटे टेमरी, ध्रुव बारीक ने अरेकेल, छंदनपुर, खेमड़ा, गनेकेरा, पटरडीही, प्रफुल्ल सामल ने धुमाभाटा, नंदूराम निर्मलकर ने बिछिया, बिटांगीपाली, परसकोल, रसोड़ा, केंवटापाली, पोंसरा, रामेश्वर बारीक ने भदरपाली, बरडीही, बोहरपार, छुईपाली, खीरसागर साव ने बाराडोली, कोदोपाली, भैसाखुरी, चदखुरी, धामनघुटकुरी, गोहेदादार, अरूण स्वर्णकार ने बरबसपुर, गोरटेक, कुम्हारी, खुसुरुपाली, सिंहनपुर अमृत चौधरी ने बसना वार्ड नं 1,2, 3, सुभाष प्रधान ने धुमाभाटा, पंच राम गहिर ने बरोली, मेदनीपुर चोरभट्ठी, सरायपाली में राम उत्सव धूमधाम से मनाने व शत प्रतिशत मतदान कराने का दायित्व लिया।



### राजस्व पटवारी संघ ने मनाई माता कर्मा की जयंती

**महासमुंद।** माता कर्मा जयंती पर राजस्व पटवारी संघ महासमुंद के निर्वाचन कार्य में संलग्न पटवारियों ने जिला पंचायत महासमुंद में माता कर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर माता कर्मा की पूजा अर्चना की। तत्पश्चात गुलाल का टीका लगाकर एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर राजस्व पटवारी संघ महासमुंद के जिला अध्यक्ष संतोष सोनी, तहसील अध्यक्ष महासमुंद चंद्रभान साहू, तहसील बागबाहरा अध्यक्ष नीरज वर्मा, खम्मन साहू, नितेश श्रीवास्तव, रामनारायण चंद्राकर, शिवेंद्र चंद्राकर, कमलेश ध्रुव, शिवकुमारी मारकंडे, मनीषा डडसेना आदि उपस्थित रहे।

# त्याग, संयम, समर्पण और भक्ति की प्रतिमूर्ति थी माता कर्मा : जयप्रकाश

## भक्त कर्मा जयंती पर जल कलश यात्रा, कर्मा खिचड़ी प्रसादी का हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संत शिरोमणि भक्त कर्मा जयंती का आयोजन अंचल की ऐतिहासिक धाम खल्लारी की कर्मा माता मंदिर, ग्राम एमकेबाहरा के कर्मा सदन, ग्राम कमरौद कर्मा माता मंदिर समेत विभिन्न ग्रामों में हर्षोल्लास हुआ।

ग्राम एमकेबाहरा में कर्मा जयंती उत्सव के मुख्य अतिथि सेवा राम साहू अध्यक्ष खल्लारी परिक्षेत्र साहू समाज, अध्यक्षता कमलनारायण साहू सरपंच एमकेबाहरा एवं विशिष्ट अतिथि चमन लाल साहू महासचिव राजिम भक्तिन समिति राजिम, चंदूलाल साहू उपाध्यक्ष साहू समाज खल्लारी परिक्षेत्र, जयप्रकाश साहू जिलाध्यक्ष सहकारी समिति कर्मचारी संघ महासमुंद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माता कर्मा की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित चमन लाल साहू ने माता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत माता कर्मा की भक्ति के कारण ही भगवान जगन्नाथ ने माता कर्मा की बनाई खिचड़ी का स्वयं उनके हाथों से भोग ग्रहण किया।



सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिला ध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने माता कर्मा को त्याग संयम सेवा की प्रतिमूर्ति बताया। उन्होंने माता कर्मा की जन्म जयंती पर रिलीज जीवनी पर आधारित फिल्म संत माता कर्मा को देखने की अपील की। कार्यक्रम को सरपंच कमल नारायण साहू, सेवाराम साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम पश्चात कर्मा प्रसादी खिचड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राम नारायण साहू, युगल किशोर साहू युवा अध्यक्ष रायपुर संभाग, भेख लाल पटेल, लाला खिलेश राम साहू, पानस साहू, दामिनी साहू, टिकेश्वरी साहू, पिनिता साहू, नेमलता साहू, लोकेश्वरी साहू, देवकी साहू, तिलक राम साहू, गगन साहू, ऋषि कुमार साहू, बालमुकुंद साहू, नेम लाल साहू, चेतन कुमार साहू, धर्मेंद्र साहू, जनक साहू, लोकेश साहू, दीपक साहू समेत ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामीणजनों का आभार प्रदर्शन देवक राम साहू ग्राम प्रमुख अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज ने किया।

# शहीद दिवस की शृंखला में तीन दिवसीय स्वच्छता व मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल (मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़) डॉ अशोक कुमार श्रोती रासेयो क्षेत्रीय निदेशक भोपाल एवं डॉ नीता बाजपेयी राज्य एनएसएस अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शहीद दिवस शृंखला में तीन दिवसीय स्वच्छता एवं मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित जा रहा है। जिसमें प्रथम दिवस 05 अप्रैल 2024 को तीन दिवसीय स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ नीता बाजपेयी राज्य एनएसएस उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन, प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीलम सिंह नारी शक्ति पर्यावरण फाउंडेशन रायपुर, सरोज चंद्राकर प्राचार्य इंडियन कॉलेज, डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो एवं जिला समन्वयक एवं अजय कुमार राजा की उपस्थिति में किया गया।

सर्वप्रथम मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घघाटन किया गया। उद्घाटन सत्र में सभी मंचस्थ प्राचार्यों एवं अधिकारियों को पौधा देकर एवं बैज लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन में डॉ. मालती तिवारी ने स्वागत भाषण करते हुए कार्यक्रम तीन दिवसीय स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की। नीलम सिंह नारी फाउंडेशन द्वारा कचरा प्रबंधन एवं यूको ब्रिक एवं अपशिष्ट पदार्थ से उपयोगी पदार्थ बनाने व वन संरक्षण को कैसे बढ़ाया जाए इसकी जानकारी दी। डॉ नीता बाजपेई ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना नवाचार के लिए अपनी पहचान बनाता है। स्वच्छता ही सेवा के लिए युवाओं को तत्पर आगे रहने के लिए आव्हान किया। प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने कहा कि युवा देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम से नवचेतना का विकास, स्वच्छता एवं मतदान जागरूकता में अपनी अहम भूमिका सिद्ध करेंगे। डॉ सरोज चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद जिले में राष्ट्रीय सेवा योजना निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। स्वच्छता नुक्कड़ नाटक में प्रथम श्याम बालाजी कॉलेज, द्वितीय इंडियन कॉलेज एवं तृतीय शात्रीबाई कॉलेज रहे। इसी क्रम में प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम इंडियन कॉलेज, द्वितीय शांत्रीबाई कॉलेज एवं तृतीय श्याम बालाजी कॉलेज महासमुंद रहे। निर्णायक की भूमिका में सीमा प्रधान सहायक प्राध्यापक हिंदी, डॉ अन्नपूर्णा देवांगन सहायक प्राध्यापक हिंदी, अनिता बंजारी गुड शेफर्ड इंग्लिश स्कूल रही। प्रथम दिवस के कार्यक्रम में सभी उपस्थित स्वयंसेवकों को टी शर्ट वितरण किया गया। तत्पश्चात स्वच्छता संबंधी प्रशिक्षण, मतदान एवं स्वच्छता मतदान जागरुकता रैली ग्राम मचेवा में निकाली गई। स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक में स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। साथ ही महाविद्यालय परिसर में मानव शृंखला बनाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस तीन दिवसीय स्वच्छता एवं मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के प्रथम दिवस में अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी, चुम्मन लाल निषाद कार्यक्रम अधिकारी इंडियन कॉलेज, निर्मल बंजारे कार्यक्रम अधिकारी श्याम बालाजी महाविद्यालय, गायत्री चंद्राकर कार्यक्रम अधिकारी शांत्री बाई महाविद्यालय, संबंधित महाविद्यालयों से 250 स्वयंसेवकों की सहभागिता रही। मंच संचालन विजय कुमार मिर्चे एवं आभार व्यक्त अजय कुमार राजा ने किया।



# खल्लारी विधानसभा में अनेक गांवों को मिल सकता है फसल बीमा : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि खल्लारी विधानसभा के बागबाहरा व पिथौरा ब्लॉक अंतर्गत आने वाले समस्त ग्रामों के फसल कटाई प्रयोग राजस्व व कृषि विभाग द्वारा किया गया। जिसमें पिछले खरीफ 2023-24 में किए गए फसल कटाई प्रयोग को देखने के बाद ऐसा लगता है कि खल्लारी विधानसभा में इस बार फसल बीमा का लाभ कम मिलेगा। क्योंकि, औसत फसल अच्छी हुई। फिर भी थ्रेस होल्ड फसल प्रयोग के बाद आंकड़े बढ़ भी सकते हैं। परंतु, इसके बावजूद भी खल्लारी विधानसभा अंतर्गत आने वाले पिथौरा व बागबाहरा विकासखंड के अनेक ग्रामों के सिंचित व असिंचित किसानों को फसल बीमा का लाभ मिलने की संभावना है, वे ग्राम हैं टूहलु, चिंगरिया, कोमाखान, लुकुपाली, बिछला, टेका, पटपरपाली, भालुचुवां, घोइनाबाहरा कला, भदरसी, बसूलाडबरी, मोहबा, बाघामुड़ा, मोंगरापाली, सराईपाली, बिराजपाली, कोटनपाली, संभर। इसके अलावा थ्रेसहोल्ड प्रयोग के बाद कुछ ग्राम बढ़ या घट सकते हैं। यदि कोई ग्राम पंचायत में किसान साथियों को लगता है कि हमारी अनावारी कम आई थी और फसल बीमा अवश्य मिलना चाहिए।



# पानी टंकी निर्माण के लिए कब्जा हटवाया तो महिला सरपंच को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** पानी टंकी निर्माण के लिए शासकीय भूमि से कब्जा हटाने से नाराज पति-पत्नी ने कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम चिंगरिया की महिला सरपंच से विवाद करते हुए जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थिया सृष्टि चंद्राकर पति गोविंद चंद्राकर (32) निवासी मोखा ने पुलिस को बताया कि मैं ग्राम पंचायत चिंगरिया का सरपंच हूं और मेरे ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम मोखा में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण के लिए स्वीकृत हुआ है, जो कि पंचायत मे प्रस्तावित जगह पर ग्राम मोखा में बनना है । लेकिन प्रस्तावित भूमि पर ईश्वर सतनामी पिता मंगलू सतनामी के द्वारा कब्जा किया गया है। ईश्वर सतनामी के कब्जे की शासकीय भूमि को तहसीलदार द्वारा पानी टंकी निर्माण मुक्त कराया गया था । जिस पर पानी टंकी निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इसी बीच आरोपी ईश्वर सतनामी एवं उसकी पत्नी रमेश्वरी सतनामी द्वारा गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर काम को बंद करवा दिया गया था और जाति सूचक गाली गलौज करने या चोरी की झूठी रिपोर्ट लिखाकर फंसाने की धमकी थी। मामले में प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 34, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# मतदाता जागरुकता के लिए विश्वनाथ पाणिग्रही देंगे मतदाताओं को न्यौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाताओं को मतदान करने जागरूक करने के लिए जिला स्वीप आईकान डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही द्वारा न्यौता पत्र तैयार किया गया है। जिसका विमोचन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा किया गया। इस कड़ी में जिला स्वीप आईकान डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही ने बताया कि हल्दी एवं पीले चावल का हमारे संस्कारों में विशेष महत्व होता है तथा जिस भी मतदाता को हल्दी पीला चावल लगा न्योता पत्र मिलेगा, वह इस निमंत्रण को प्राप्त कर प्रसन्न होगा तथा निश्चय ही इसका सम्मान करते हुए मतदान करने जरूर जाएगा। उन्होंने सर्वप्रथम कलेक्टर मलिक को मतदान आमंत्रण देकर इस अभियान की शुरुआत की। इसके पीछे सोच है कि इस तरह हर मतदाता को प्रेरित कर मतदान प्रतिशत को बढ़ाने नवाचारी पहल किया जा रहा है। इस अवसर पर सहायक नोडल अधिकारी स्वीप रेखराज शर्मा उपस्थित रहे। डॉ. पाणिग्रही के इस अभिनव कार्य के लिए एस. आलोक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी जिला स्वीप समिति महासमुंद, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू ने सराहना की।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम के लोस प्रभारी बने विक्की



**महासमुंद/पिथौरा।** भारतीय जनता पार्टी महासमुंद लोकसभा चुनाव के संयोजक शंकर अग्रवाल ने लोकसभा के सभी वरिष्ठ नेताओं की सहमति से भाजपा के युवा नेता विक्की सलूजा को चुनाव प्रचार के दौरान पूरे लोकसभा क्षेत्र में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लोकसभा प्रभारी बनाया है। इससे पूर्व में भी विधानसभा चुनाव एवं अन्य कार्यक्रमों में भी विक्की सलूजा को पार्टी संगठन द्वारा विभिन्न जवाबदारियां मिलती रही है। प्रभारी बनाए जाने पर सलूजा ने लोकसभा के संयोजक शंकर अग्रवाल सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया।




